# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम - मदाऊ, पोस्ट - भांकरोटा, जयपुर, (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई-मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्सः 0141 - 5132022

क्रमांक : प (274)जरारासंविवि / शैक्ष. / 2024 / दिनांक :-

## कार्यालय आदेश

सत्र 2024-25 के लिए शास्त्री-शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम संचालन बाबत् अस्थाई सम्बद्धता हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 23(2)(क) के अनुसार महाविद्यालयों की सम्बद्धता के आवेदनों का निपटारा करने हेतु निरीक्षण बोर्ड एवं सम्बद्धता समिति की संयुक्त बैठक दिनांक 27.09.2024 की अनुशंषा उपरान्त कार्यपरिषद् की स्वीकारता की शर्त पर सत्र 2024-25 के लिए निम्नलिखित महाविद्यालयों को NCTE एवं राज्य सरकार द्वारा महाविद्यालयों के संबंध में समय-समय पर जारी मान्यता/अनापत्ति प्रमाण पत्र/नियमों की पूर्णतया पालना संबंधित महाविद्यालय द्वारा की जावेगी एवं तदनुसार ही अद्यतन स्थिति पर (सशर्त) निम्नांकित शर्तों की पालना पर अध्यधीन अस्थाई सम्बद्धता अभिवृद्धि की जाती है:-

1. संस्था के अध्यक्ष/सचिव द्वारा रु. 500/- के नॉन ज्यूडीशियल स्टॉप पेपर (नोटराइज) पर पत्र जारी होने के 15 दिवस के अन्दर शपथ पत्र प्रस्तुत किया जावें जिसमें संबंधित संस्था/महाविद्यालय आगामी छः माह में निम्नानुसार शर्तों की पूर्ति कर समस्त दस्तावेज विश्वविद्यालय में जमा करा देंगे:-
   - (i) महाविद्यालय को मुख्यद्वार से लेकर सम्पूर्ण भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की वीडियोग्राफी की सीडी मय पंजिका जमा करवा दी जावेगी।
   - (ii) स्टॉफ सलेक्शन नियमानुसार कराकर सूची संलग्न करवा दी जावेगी।
   - (iii) विगत तीन वर्षों के वेतन आहरित विवरण प्राचार्य से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तक सत्यापित कर संलग्न कर जमा करवा दिया जावेगा।
   - (iv) विगत तीन वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट जमा करवा दी जावेगी।
   - (v) विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ उपवेशन की कार्यवाही का विवरण संलग्न कर प्रस्तुत कर दिया जावेगा।
   - (vi) प्रबन्ध समिति के उपवेशन का विवरण जमा करवा दिया जावेगा।
   - (vii) पुस्तकालय में विगत वर्ष में क्रय की गई पुस्तकों के बिल तथा पुस्तकालय में रखी गई उन पुस्तकों का स्पष्ट रंगीन छायाचित्र उपलब्ध करवा दिये जावेंगे।
   - (viii) विगत वर्ष छात्रों की ऑनलाईन/ऑफलाईन कक्षाओं का विवरण मय छात्र संख्या/शिक्षकवार सत्यापित विवरण संलग्न कर उपलब्ध करवा दिया जावेगा।
2. संबंधित महाविद्यालय चयनित स्टॉफ के मूल दस्तावेज पत्र जारी होने के 15 दिवस में विश्वविद्यालय में जमा करवाया जाना सुनिश्चित करावें।
3. सत्र 2024-25 की सम्बद्धता अभिवृद्धि राज्य सरकार द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र के अध्यधीन रहेगी।

| क्र. सं. | महाविद्यालय का नाम | सहशिक्षा/महिला | यूनिट (In-take) | आवेदित विषय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री महर्षि दाधीच संस्कृत टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, कोटा-324005 मो.नं.-9414187303 | सहशिक्षा | एक यूनिट (50) | शास्त्री - शिक्षाशास्त्री (B.A-.B.Ed.) (4 Year integrated course) |

# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम - मदाऊ, पोस्ट - भांकरोटा, जयपुर, (राज.) - 302026
वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्सः 0141 - 5132022

| क्र. सं. | महाविद्यालय का नाम | सहशिक्षा / महिला | यूनिट (In-take) | आवेदित विषय |
|---|---|---|---|---|
| 2. | महला टीचर्स ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट, खाटूश्याम जी रोड़, रीगंस, सीकर–332404 मो.नं.–9950348613 | सहशिक्षा | दो यूनिट (100) | शास्त्री – शिक्षाशास्त्री (B.A-.B.Ed.) (4 Year integrated course) |
| 3. | सीमा शिक्षा शास्त्री बी.एड. कॉलेज, अजमेर रोड़, परबतसर, नागौर मो.नं.–9983500827, 9414117648 | सहशिक्षा | दो यूनिट (100) | शास्त्री – शिक्षाशास्त्री (B.A-.B.Ed.) (4 Year integrated course) |
| 4 | श्री अर्जुनराम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सीकर मो.नं.– 9414444835, 8432100736 | सहशिक्षा | दो यूनिट (100) | शास्त्री – शिक्षाशास्त्री (B.A-.B.Ed.) (4 Year integrated course) |

(नरेन्द्र कुमार वर्मा)
आर.ए.एस.
कुलसचिव

क्रमांक : प (274)जरारासंविवि / शैक्ष. / 2023 / 4591-97 दिनांक :– 20/12/24

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं:–

1. निजी सचिव, मा. कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर
2. परीक्षा नियंत्रक, जरारासंविवि, जयपुर
3. समन्वयक, PSSST–2024, जरारासंविवि, जयपुर
4. सहायक कुलसचिव, बैठक शाखा, जरारासंविवि, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि आगामी कार्यपरिषद् की बैठक में पुष्टि हेतु प्रस्तुत करावें।
5. प्रभारी वेबसाईट, जरारासंविवि, जयपुर को भेजकर लेख है कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित करावें।
6. संबंधित महाविद्यालय .........................
7. रक्षित पत्रावली

कुलसचिव

Helpline No.:-(+91)-7597122440
जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026
वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स: 0141-2850551–75

क्रमांक प.( ) जरारासंविवि / शैक्ष. / ITEP / 2024 / दिनांक:

## कार्यालय आदेश

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के पब्लिक नोटिस क्रमांक NCTE-Reg1022/16/2023-Reg.Sec-HQ दिनांक 05.02.2024 के द्वारा निर्देशित किया गया है कि चार वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम (बी.ए. बी.एड. / बी.एस.सी., बी.एड) में छात्रों के प्रवेश के लिए अंतिम शैक्षणिक सत्र 2024–25 होगा। इसके बाद इस पाठ्यक्रम में कोई नया प्रवेश नहीं किया जायेगा तथा पूर्व संचालित कॉलेजों में उक्त पाठ्यक्रम को Integrated Teachar Education Programme (आई.टी.ई.पी) पाठ्यक्रम में परिवर्तन करने हेतु दिनांक 05.02.2024 से 05.03.2024 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गए है।

NCTE के उक्त पब्लिक नोटिस दिनांक 05.02.2024 की अनुपालना में, NCTE के (संशोधन) विनियम 2021 दिनांक 26.10.2021 के अंतर्गत एवं विश्वविद्यालय के समस्त नियमों की पालना की शर्त पर निम्नांकित महाविद्यालयों के बी.ए. बी.एड. / बी.एस.सी., बी.एड. चार वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम को Integrated Teachar Education Programme (आई.टी.ई.पी) पाठ्यक्रम में परिवर्तन करने हेतु अनापत्ति (**NOC**) प्रदान की जाती है।

| क्र. सं. | महाविद्यालय का नाम | पाठ्यक्रम / विषय |
|---|---|---|
| 1. | श्री महर्षि दाधीच संस्कृत टीचर ट्रेनिंग कॉलेज केशवपुरा, कोटा मों.– 9414187303 | शास्त्री – शिक्षाशास्त्री (B.A-B.ED.) |
| 2. | महला टीचर ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट, खाटूश्याम जी रोड़, रीगंस, सीकर मों.– 9950348613 ई–मेल: ssreengus@gmail.com | शास्त्री – शिक्षाशास्त्री (B.A-B.ED.) |
| 3. | सीमा शिक्षा शास्त्री बी.एड. कॉलेज, अजमेर रोड़, परबतसर, नागौर मो.– 9983500827, 9414117648 | शास्त्री – शिक्षाशास्त्री (B.A-B.ED.) |
| 4. | श्री अर्जुनराम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सीकर मो.– 9414444835, 8432100736 ई–मेल: arjuneduac@gmail.com | शास्त्री – शिक्षाशास्त्री (B.A-B.ED.) |

**अनापत्ति प्रमाण–पत्र निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन जारी किया जा रहा है।**

1. एनसीटीई विनियम 2014 के नियम संख्या 10(2) के तहत उपरोक्त महाविद्यालयों द्वारा पर्याप्त पात्र शैक्षणिक स्टाफ सुनिश्चित किया जाएगा।
2. उपरोक्त कॉलेजों द्वारा एनसीटीई / राज्य सरकार / विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानकों और मापदण्डों के अनुसार पर्याप्त बुनियादी ढांचागत और अन्य सुविधाएं बनाए रखी जाएगी।

2. उपरोक्त कॉलेजों द्वारा एनसीटीई/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानकों और मापदण्डों के अनुसार पर्याप्त बुनियादी ढांचागत और अन्य सुविधाएं बनाए रखी जाएगी।
3. यदि एनसीटीई/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय चार वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम (बी.ए. बी.एड./बी.एस.सी., बी.एड) से संक्रमण की मंजूरी देने से पहले किसी महाविद्यालय के संबंध में अपनी मान्यता/NOC/सम्बद्धता वापस ले लेता है तो ITEP पाठ्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संबंधित महाविद्यालय को जारी की गई NOC ( अनापत्ति) तुरंत रद्द कर दी जाएगी।
4. प्रत्येक महाविद्यालय को एनसीटीई/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय के निर्देशों का पालन करना होगा और ऐसा न करने पर तदनुसार उचित कार्यवाही की जाएगी।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

Sd
कुलसचिव

क्रमांक प.( ) जरारासंविवि/शैक्ष./ITEP/2024/8032-37 दिनांकः 5/3/24

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर
2. श्री महर्षि दाधीच संस्कृत टीचर ट्रेनिंग कॉलेज केशवपुरा, कोटा मों.– 9414187303
3. महला टीचर ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट, खाटूश्याम जी रोड़, रीगंस, सीकर मों.– 9950348613 ई–मेलः ssreengus@gmail.com करने हेतु प्रेषित है।
4. सीमा शिक्षा शास्त्री बी.एड. कॉलेज, अजमेर रोड़, परबतसर, नागौर मो.–9983500827, 9414117648
5. श्री अर्जुनराम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सीकर मो.– 9414444835, 8432100736 ई–मेलः arjuneduac@gmail.com करने हेतु प्रेषित है।
6. सदस्य सचिव राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् को ई–मेलः ms@ncte-india.org करने हेतु प्रेषित है।

कुलसचिव

# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम - मदाऊ, पोस्ट - भांकरोटा, जयपुर, (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई-मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स: 0141 - 5132022


क्रमांक : प (274)जरारासंविवि/शैक्ष./2023/ दिनांक :–

## कार्यालय आदेश

सत्र 2022–23 में शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम संचालन बाबत् स्थाई सम्बद्धता हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के क्रम में प्रमुख सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर के पत्रांक एफ.28(2)आरबी/2023/2631 दिनांक 15.05.2023 एवं विशेषाधिकारी, उच्च शिक्षा राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर के पत्रांक एफ. 28(2)आरबी/2023/2700 दिनांक 17.05.2023 में प्रदत्त निर्देशों की पालना में विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 23(2)(ख) एवं 12(4)(i) के अनुसार महाविद्यालयों की सम्बद्धता के आवेदनों का निपटारा करने हेतु सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 19.05.2023 की अभिशंषानुसार एवं माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त सत्र 2022–23 से निम्नलिखित महाविद्यालयों को NCTE एवं राज्य सरकार द्वारा महाविद्यालयों के संबंध में समय–समय पर जारी मान्यता/अनापत्ति प्रमाण पत्र/नियमों की पूर्णतया पालना एवं तदनुसार ही अद्यतन स्थिति पर निम्नांकित बिन्दुओं के अध्यधीन सत्र 2022–23 से स्थाई सम्बद्धता प्रदान की जाती हैः–

1. संस्था के बोर्ड एवं पत्राचार हेतु स्टेशनरी पर जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, मदाऊ, जयपुर का नाम आवश्यक रुप से लिखावें।
2. राज्य सरकार से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त करना होगा।
3. एन.सी.टी.ई./राज्य सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों की पालना अनिवार्य रुप से करनी होगी।
4. भूमि, भवन, स्टॉफ (शैक्षणिक/अशैक्षणिक), प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल मैदान इत्यादि की उपलब्धता के आधार पर NCTE रेग्यूलेशन 2014 के अनुसार पालना करनी होगी।
5. निर्धारित मापदण्डों के अनुसार किसी भी महाविद्यालय का विश्वविद्यालय द्वारा कभी भी निरीक्षण करवाया जा सकेगा एवं किसी भी प्रकार की कमी/खामी पाये जाने पर सम्बद्धता निरस्त किये जाने का विश्वविद्यालय को अधिकार होगा।
6. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सम्बद्धता शुल्क में अन्तर राशि की देयता यदि कोई हो तो, वह महाविद्यालय द्वारा देय होगी।

| क्र. सं. | महाविद्यालय का नाम | सहशिक्षा/ महिला | आवंटित सीट (In-take) | आवेदित विषय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वरदा कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, नीम का थाना, सीकर–332713 | सहशिक्षा | 100 | संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, नागरिक शास्त्र, इतिहास, सामाजिक अध्ययन, भूगोल, गृहविज्ञान, अर्थशास्त्र |
| 2. | महला टीचर्स ट्रेनिंग इन्स्टीटयूट, खाटू श्याम जी रोड, रींगस, सीकर–332404 | सहशिक्षा | 100 | संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, नागरिक शास्त्र, इतिहास, सामाजिक अध्ययन, भूगोल, गृहविज्ञान, अर्थशास्त्र |

sd/-

(दुर्गेश राजोरिया)
कुलसचिव एवं
वित्त नियंत्रक

क्रमांक : प (274)जरारासंविवि/शैक्ष./2023/ 1079-80 दिनांक :– 19/05/23

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, मा. कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर
2. श्रीमान् प्रमुख सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर को उनके पत्रांक एफ.28(2)आरबी/2023/2631 दिनांक 15.05.2023 के क्रम में।



Scanned with OKEN Scanner

# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम - मदाऊ, पोस्ट - भांकरोटा, जयपुर, (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई-मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स: 0141 - 5132022


3. विशेषाधिकारी, उच्च शिक्षा राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर को उनके पत्रांक एफ.28(2)आरबी/2023/2700 दिनांक 17.05.2023 के क्रम में।
4. परीक्षा नियंत्रक, जरारासंविवि, जयपुर
5. समन्वयक, पीएसएसटी–2022, जरारासंविवि, जयपुर
6. सहायक कुलसचिव, बैठक शाखा, जरारासंविवि, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि आगामी कार्यपरिषद् की बैठक में पुष्टि हेतु प्रस्तुत करावें।
7. प्रभारी वेबसाईट, जरारासंविवि, जयपुर को भेजकर लेख है कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित करावें।
8. संबंधित महाविद्यालय ........................
9. रक्षित पत्रावली

19/5/23

उप कुलसचिव



Scanned with OKEN Scanner